ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-08-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-08-17 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-08-18	2021-08-19	2021-08-20	2021-08-21	2021-08-22
वर्षा (मिमी)	8.0	10.0	20.0	15.0	12.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	34.0	32.0	33.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	24.0	24.0	25.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	85	95	95	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	65	65	65	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	12.0	16.0	16.0	14.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	120	110	110	110
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	5	8	8	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (10 – 16 अगस्त, 2021) में 92.5 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 31.6 से 34.4 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 24.4 से 26.5 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 89 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 62 से 78 प्रतिशत एवं हवा 1.8 से 4.0 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 32.0 से 34.0 व 24.0 से 26.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 10.0-16.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 22 से 28 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम व़िज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.20-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई समय पर मौसम पूर्वानुमान और जिलेवार कृषि मैसम परामर्श सलाह तथा आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से मेघदूत व दामिनी मोबाईल एप निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर, मौसम साफ रहने पर ही करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान की फसल में जीवाणु पत्ती रेखा अर्थात् पत्तियो के भूरे होने व सूखने की स्थिति में, स्ट्रेप्टोसाइक्लिन को 15 ग्राम/हेक्टेयर की दर से मौसम साफ रहने पर प्रयोग करें।
सोयाबीन	बुवाई के 30-35 दिन बाद एक-दो पौधो को उखाड़ कर देख लें। यदि जड़ो में ग्रंथियॉ नहीं बनी हों तो 30 किग्रा नत्रजन/है0 की दर से यूरियॉ की टाप ड्रेसिंग मौसम को ध्यान में रखकर करें। यह कार्य फूल आने से पूर्व पूरा करें। इससे उपज में बढ़ोत्तरी होती है।
गन्ना	किसान भाई आवश्यकतानुसार फसल की दूसरी बधाई भी कर लें जो पहली बधाई के 50 सेमी ऊपर हो। दो पंक्तियों के तीन थानों की बँधाई एक साथ (कैंची बँधाई) करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	जिन किसान भाईयों की टमाटर की फसल में कॉलर रोट की बीमारी दिखाई दे रही है वह बीमारी को नियंत्रित करने के लिए अच्छी जल निकासी सुनिश्चित करे व पानी का ठहराव न होने दे। ट्राइकोडर्मा @ 10 ग्राम/लीटर पानी या कार्बेन्डाजिम @ 1 ग्राम/लीटर पानी से ड्रेचिंग करें। रसायनो का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
नींबू	नींबू में तितली की सूड़ी का प्रकोप होने पर, यदि संख्या कम है तो हाथ से मसल कर नष्ट कर दें, अन्यथा फिप्रोनिल 5 एस सी का 2मिली/लीटर की दर छिड़काव करें। रसायनो का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
आम	इस माह आम में जाला बनाने वाला टेन्ट कैटरपिलर कीट का भी प्रकोप होता है इसलिए जाला छुड़ाने वाले यंत्र से जाले को साफ करे एवं प्रभावित प्ररोहो को काटकर कीड़ो सहित जला दे। बागों से वर्षा का पानी निकालने के लिए उचित व्यवस्था करें।
कद्दू	कद्दू वर्गीय सब्जियो मे रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। छिड़काव मौसम को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	इस समय बकरी और भेड़ में पीपीआर, भेड़/बकरी पॉक्स और एंटरोटॉक्सिमिया होने का खतरा रहता है। इन बीमारियों से बचाव हेतु उनका टीकाकरण करवाएं।
भेंस	भेंस मानसून के मौसम में पशुओं के रहने का स्थान सूखा रहना चाहिए। मक्खियों को दूर रखने के लिए शेड में नीलगिरि या लेमन ग्रास तेल का छिड़काव करें।